दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 06
अंकः- 212
मुरादाबाद
(Monday)
23 November 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

बातचीत से निकलेगा रास्ताः सियांग प्रोजेक्ट पर बोले गृह मंत्री अमित शाह, अरुणाचल प्रदेश को दी सौगात?



गृह मंत्री अमित शाह अरुणाचल प्रदेश दौरे के अंतिम दिन सहकारी सम्मेलन में शामिल हुए। इसके साथ ही वह विजन डॉक्यूमेंट 2047 जारी किया और होलोंगी में एनडीआरएफ की 12वीं बटालियन के परिसर का उद्घाटन किया।अरुणाचल प्रदेश में 11,200 मेगावाट क्षमता वाली सियांग अपर मल्टीपर्पज प्रोजेक्ट (SUMP) को लेकर जारी विरोध के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्थानीय लोगों से परियोजना का समर्थन करने की अपील की है। उन्होंने इसे केवल अरुणाचल प्रदेश के विकास का नहीं, बल्कि देश की ऊर्जा सुरक्षा, राज्य के राजस्व और सामरिक हितों से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट बताया। शनिवार को ईटानगर के पास बंदरदेवा स्थित पुलिस ट्रेनिंग अकादमी में अरुणाचल प्रदेश पुलिस को राष्ट्रपति पुलिस कलर प्रदान करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि इस परियोजना को लेकर स्थानीय लोगों की चिंताओं को गंभीरता से सुना जाएगा। राज्य सरकार उनसे सकारात्मक और रचनात्मक बातचीत करेगी तथा उन्हें विश्वास में लेकर ही आगे बढ़ेगी। उन्होंने साफ कहा कि इस परियोजना का रास्ता टकराव से नहीं, बल्कि संवाद से निकलेगा। देश में सबसे आकर्षक पुनर्वास पैकेज देगी सरकार- अमित शाह ने परियोजना से प्रभावित होने वाले लोगों को भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार उन्हें पूरे देश में सबसे आकर्षक पुनर्वास पैकेज उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक मान्यताओं का पूरा सम्मान किया जाएगा तथा इनके साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं होगा। गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि विकास के नाम पर क्षेत्र की पहचान और सांस्कृतिक विरासत को नुकसान नहीं पहुंचने दिया जाएगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से राज्य सरकार के साथ खुलकर बातचीत करने और अपनी चिंताओं को सामने रखने की अपील की। शाह ने कहा कि लोग राज्य सरकार के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्रालय के साथ भी चर्चा कर सकते हैं। उन्होंने दोहराया कि अरुणाचल प्रदेश और यहां के युवाओं के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण इस परियोजना को सकारात्मक बातचीत और प्रभावी पुनर्वास व्यवस्था के आधार पर ही आगे बढ़ाया जाएगा।सियांग, ईस्ट सियांग और अपर सियांग में प्रस्तावित है परियोजना- 11,200 मेगावाट की सियांग अपर मल्टीपर्पज प्रोजेक्ट को सियांग, ईस्ट सियांग और अपर सियांग जिलों में विकसित करने की योजना है। पिछले कई महीनों से यह परियोजना अरुणाचल प्रदेश में राजनीतिक और सामाजिक बहस का प्रमुख मुद्दा बनी हुई है। स्थानीय निवासी और विभिन्न संगठन प्रस्तावित बांध के संभावित प्रभावों को लेकर विरोध जता रहे हैं। लोगों की प्रमुख चिंताओं में क्षेत्र की संस्कृति, पारंपरिक जीवनशैली और स्थानीय समुदायों पर पड़ने वाला असर शामिल है। वहीं केंद्र सरकार इसे राज्य के विकास, ऊर्जा उत्पादन और राष्ट्रीय सामरिक हितों के लिहाज से महत्वपूर्ण मान रही है। शाह ने इसी संदर्भ में कहा कि केंद्र सरकार राज्य और उसके लोगों के हितों को ध्यान में रखकर ही विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाएगी और हर चरण में स्थानीय लोगों को विश्वास में लिया जाएगा।स्थानीय संगठनों ने शाह को सौंपा ज्ञापन, परियोजना रद्द करने की मांग-परियोजना का विरोध कर रहे दो प्रमुख स्थानीय संगठनों आदि बाने केबांग यूनाइटेड (ABKU) और सियांग इंडिजिनस फार्मर्स फोरम (स्ढ्ढस्रस्र) ने अमित शाह को ईमेल के माध्यम से संयुक्त ज्ञापन भेजकर परियोजना रद्द करने की मांग की है। दोनों संगठनों ने आरोप लगाया कि परियोजना की प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी है, स्थानीय लोगों से पर्याप्त जनपरामर्श नहीं किया गया और विरोध करने वालों को डराया जा रहा है। संगठनों ने प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट (PFR) से जुड़ी सभी गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। इसके अलावा हिरासत में लिए गए प्रदर्शनकारियों की रिहाई, क्षेत्र से केंद्रीय सुरक्षा बलों की वापसी और 23 अक्टूबर को सियांग जिले में हुई हिंसा की न्यायिक जांच कराने की मांग भी की गई है। गृह मंत्री के दौरे के दौरान आंदोलन का नेतृत्व कर रहे संगठनों के प्रतिनिधियों से बातचीत होने की भी संभावना है।

संक्षिप्त समाचार

यूपी पुलिस में बड़ा फेरबदलः 144 डिप्टी एसपी के तबादले, लखनऊ कमिश्नरेट से अयोध्या और बागपत भेजे गए अधिकारी

उत्तर प्रदेश पुलिस प्रशासन में बड़े स्तर पर फेरबदल करते हुए 144 पुलिस उपाधीक्षकों के तबादले किए गए हैं। लखनऊ, अयोध्या, संभल समेत कई जिलों और कमिश्नरेट में अधिकारियों को नई जिम्मेदारी मिली है। कुछ अधिकारियों को विशेष इकाइयों में भेजा गया है, जबकि दो तबादले निरस्त भी किए गए हैं।उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में बड़े स्तर पर फेरबदल करते हुए 144 पुलिस उपाधीक्षकों और सहायक पुलिस आयुक्तों के स्थानांतरण किए गए हैं। तबादला सूची में प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ पुलिस कमिश्नरेट, पीएसी वाहिनियों और विशेष इकाइयों में तैनात अधिकारी शामिल हैं। कई अधिकारियों को एक जिले से दूसरे जिले भेजा गया है, जबकि कुछ को कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है।तबादला सूची के अनुसार, लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात सुजीत कुमार दुबे को अयोध्या, रजनीश वर्मा को बागपत और राधा रमण सिंह को खीरी भेजा गया है। भेजा गया है। इसके अलावा अमरीश कुमार को फिरोजाबाद से लखनऊ कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त की जिम्मेदारी मिली है।कई जिलों में बदले गए पुलिस उपाधीक्षक शोभित कुमार को बुलंदशहर से कानपुर देहात, दिलीप कुमार सिंह को कानपुर नगर कमिश्नरेट से मीरजापुर, शुभम तोदी को आजमगढ़ से संभल और अतुल कुमार सिंह-ढ्ढ को अमेठी से महराजगंज भेजा गया है।

धर्म की समझ ही नहींः राहुल गांधी का भाजपा-आरएसएस पर प्रहार; अर्धनारीश्वर की तस्वीर पर क्यों छिड़ा विवाद?



राहुल गांधी ने अर्धनारीश्वर की प्रतिमा की तस्वीर साझा कर भाजपा और आरएसएस को जातिवादी, लालची और पुरुषवादी बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों संगठनों को भारत की आध्यात्मिक और धार्मिक परंपराओं की समझ नहीं है।

यह टिप्पणी सोनिया गांधी की किताब के विमोचन के दौरान माता-पिता के रिश्ते पर दिए उनके बयान को लेकर हुए विवाद के कुछ दिन बाद आई है। हिमंत बिस्व सरमा समेत कई लोगों ने राहुल के पुराने बयान की आलोचना की थी।लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर एक पोस्ट के जरिए भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने एलिफेंटा की गुफाओं में बनी भगवान शिव और माता पार्वती की संयुक्त प्रतिमा (अर्धनारीश्वर स्वरूप) की तस्वीर साझा करते हुए दोनों संगठनों को असभ्य, लालची, जातिवादी और पुरुषवादी बताया। राहुल का कहना है कि इन संगठनों को भारत की आध्यात्मिक और धार्मिक परंपराओं की कोई समझ नहीं है। राहुल गांधी ने भाजपा और आरएएसएस के बारे में क्या कहा? राहुल गांधी ने रविवार को एक्स पर अपनी पोस्ट में भाजपा और आरएसएस को निशाने पर लिया। उन्होंने लिखा, मैं भारतीय आध्यात्मिक और धार्मिक परंपराओं को जितना गहराई से समझता जा रहा हूं, यह बात उतनी ही साफ होती जा रही है। भाजपा और आरएसएस असभ्य, लालची, जातिवादी और पुरुषवादी हैं। उन्हें हमारी आध्यात्मिक और धार्मिक परंपराओं की बिल्कुल समझ नहीं है।% इस पोस्ट के साथ उन्होंने एलिफेंटा की गुफाओं में बनी भगवान शिव और माता पार्वती की संयुक्त प्रतिमा की तस्वीर भी साझा की। इसे अर्धनारीश्वर स्वरूप के रूप में जाना जाता है।अर्धनारीश्वर की प्रतिमा का क्या अर्थ ? अर्धनारीश्वर हिंदू धर्म में भगवान शिव और माता पार्वती का संयुक्त स्वरूप है। इसमें एक ही प्रतिमा में आधा पुरुष और आधा स्त्री रूप दिखाया जाता है। इस स्वरूप में शिव और शक्ति को एक साथ दर्शाया गया है। राहुल गांधी ने इसी प्रतिमा की तस्वीर साझा कर अपनी बात रखी। उनके पोस्ट का संदर्भ भारतीय धार्मिक और आध्यात्मिक परंपराओं में स्त्री-पुरुष के संबंधों से जुड़ा है। राहुल गांधी के बयान पर पहले क्या विवाद हुआ था? राहुल गांधी पिछले सप्ताह अपनी मां सोनिया गांधी की किताब 'Belonging: A Journey Of Love' के विमोचन कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अपने माता-पिता के रिश्ते का जिक्र करते हुए कहा था कि खाने के समय पापा बैठे होते थे और उनकी गोद में मम्मा बैठी होती थीं। राहुल ने बताया कि बचपन में उन्हें यह सामान्य लगता था। लेकिन जब वह दोस्तों के घर जाते थे और उनके माता-पिता को इस तरह साथ नहीं देखते थे तो हैरान होते थे। उन्होंने दोस्तों से यह भी पूछा था कि उनकी मां उनके पिता की गोद में क्यों नहीं बैठतीं। राहुल ने आगे कहा था कि बाद में उन्होंने अपने परिवार के दो बड़े सहारों को खो दिया। पहले उनकी दादी इंदिरा गांधी की गोली मारकर हत्या कर दी गई और फिर उनके पिता राजीव गांधी की विस्फोट में मौत हो गई।

गिरगिट की तरह रंग बदल रही सपाः आकाश आनंद बोले- भाजपा सरकार में 10 साल में दो डिप्टी सीएम, दलित एक भी नहीं



आगरा में बसपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में आकाश आनंद विपक्षी दलों पर जमकर बरसे। भाजपा के साथ उन्होंने सपा और कांग्रेस पर भी निशाना साधा। आगरा में एत्मादपुर के मॉडल स्कूल मैदान में आयोजित बहुजन समाज पार्टी के विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार है, डबल डिप्टी सीएम हैं, लेकिन इनमें दलित कोई भी नहीं। बीजेपी को पिछले 10 साल में कोई भी दलित नेता उत्तर प्रदेश के लिए नहीं मिला।उन्होंने सपा-कांग्रेस को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए के नाम पर गिरगिट की तरह रंग बदल रही है। इस गिरगिट को पहचान लीजिए, यह वही लोग हैं, जिन्होंने संसद में एससी-एसटी एक्ट के में प्रमोशन का विरोध किया था। राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी शिक्षा, रोजगार के नाम पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने मायावती को पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाने के लिए आह्वान किया।सम्मेलन में आकाश आनंद को सुनने के लिए बड़ी संख्या में उमड़ी। दूरदराज से कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे। सम्मेलन में सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर भी विशेष इंतजाम किए गए थे। कार्यकर्ताओं की अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं, जिन्होंने मंच, पेयजल और अनुशासन की जिम्मेदारी संभाली। हाईवे पर जाम से लोग परेशान, रेंग रहे वाहन- बसपा के कार्यकर्ता सम्मेलन के चलते में हाईवे पर जाम लग गया। एक किमी तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। हाईवे पर दोनों ओर वाहन घंटों जाम में रेंगते नजर आए। जिसके चलते एत्मादपुर कस्बे के बाजारों में से वाहन निकलने को मजबूर हुए।

हाथरस सड़क हादसाः सिकंदराराऊ में टेंपो में बस ने पीछे से मारी टक्कर, दो सगी बहनों समेत चार की मौत



बस ने पीछे से टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में दो सगी बहनों समेत चार लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।सिकंदराराऊ में रविवार दोपहर करीब एक बजे ग्राम बिलार के निकट एक भीषण सड़क हादसा हुआ। सिकंद्राराऊ जा रहे एक टेंपो में पीछे से टर्न ले रही एक प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी। प्रारंभिक सूचना के अनुसार हादसे में दो सगी बहनों समेत चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में छोटी और मोती नाम की दो सगी बहनें हैं। टेंपो में सवार सभी लोग जिला अलीगढ़ के नौसेरवला क्षेत्र के निवासी थे। वे गुरुग्राम में काम करते थे और एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। ये लोग गुरुग्राम से सिकंद्राराऊ के नौरंगाबाद में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने आ रहे थे। यहां हाजी वारिस की बेटी की शादी का कार्यक्रम था। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर चीख-पुकार मच गई और सड़क पर खून बिखर गया।बताया जा रहा है कि अलीगढ़ जिले के श्रद्धा हॉस्पिटल में भर्ती घायल बच्चा पहाद पांच साल और महिला सबीना 35 साल की भी मौत हो गई है। इस तरह से अभी चार लोगों के मौत की खबर आ रही है। यह सभी लोग गुरुग्राम में फेरी लगाने का काम करते थे । मरने वालों में नंद-भाभी और भतीजा है। यह भी बताया जा रहा है कि बस वाला टक्कर मारने के बाद टेंपो को घसीटता हुआ ले गया और मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा मृतकों और घायलों की संख्या की आधिकारिक पुष्टि अभी की जा रही है।

धीरेंद्र शास्त्री पर अखिलेश का तंज, बोले- सपा कथा के खिलाफ नहीं, लेकिन भगवान पर टिप्पणी कैसे मान लें



अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर शिक्षा व्यवस्था खराब करने और अच्छे स्कूल बंद करने का आरोप लगाया। मुलायम सिंह यादव की जयंती पर उन्होंने उनके समाजवादी विचारों और मानवीय मूल्यों को याद किया। अखिलेश ने जरूरतमंदों की मदद, मुश्किल समय में साथ देने और रिश्तों में संवाद बनाए रखने का संदेश दिया।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने धीरेंद्र शास्त्री की कथा को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी किसी कथा के खिलाफ नहीं है, लेकिन धीरेंद्र शास्त्री ने भगवान राम और कृष्ण के बारे में क्या कहा है, इसे कैसे स्वीकार किया जा सकता है? मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अखिलेश ने भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने अपने कार्यक्रम में हनुमानजी तक को नचा दिया था। अखिलेश ने सवाल किया कि अगर हममें से कोई भगवान श्रीकृष्ण या भगवान श्रीराम के बारे में ऐसा कुछ बोल देता तो क्या होता? उन्होंने कहा कि इस पर सभी को विचार करना चाहिए। समाजवादी पार्टी के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती पर रविवार को सपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरित किए। इस दौरान उन्होंने पार्टी से दूर हुए नेताओं को फिर से जोड़ने के संकेत देते हुए कहा, रूठों को मनाएंगे और छूटे नेताओं को बुलाएंगे।अखिलेश यादव ने गोरखपुर की घटना का जिक्र करते हुए सड़क हादसों को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने लखनऊ के अर्जुनगंज में मुख्यमंत्री के काफिले से जुड़े हादसे का उल्लेख किया, जिसमें तीन लोगों की जान गई थी। सवाल उठाया कि क्या मुख्यमंत्री पर मुकदमा नहीं होना चाहिए था? के काफिलों से जुड़े सड़क हादसों का ब्योरा भी रखा। उनका दावा था कि देश में एक साल के भीतर सड़क हादसों में होने वाली मौतों में 80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।समाजवादी पार्टी के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की जयंती पर रविवार को सपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संपादकीय Editorial

On the Banks of an Uncontrollable River

If crucial points of democratic heritage continue to raise questions in the House of Assembly on a frigid afternoon, the river of political ambitions is beginning to spiral out of control. What are the MLAs from Kullu and Nagrota Bagwan saying through their innuendos as they face the media? Sunder Singh Thakur's statements revealed his weight, while first-time MLA R.S. Bali is weighing his influence. One wants a ministerial position, the other the reins of Kangra. With just a few months or a year remaining before the assembly elections, almost every MLA will be trying to assert their status. If Sunder Singh Thakur can become a minister, what forces are there within the Congress party that are ripping apart its flag? There are many silences within your existence, you have only called yourself out. With various conflagrations brewing in Himachal's political climate, the air in the air is restless. Surprisingly, all this anxiety is fueling the public's attention. If Sunder Singh's courage grows outside the Assembly premises, this political landscape could now be shattered. If Congress is venting its issues in legislative party meetings and gossiping to the media, then there's a growing opposition within the party. Bali has established his command over the division of Kangra district, so this force has considerable potential. At least the political ambitions for the district's reorganization are being waged within the political circles. However, this isn't a demonstration by a few MLAs; rather, numerous issues facing the state are making their presence felt outside the House. Before the government releases a white paper on the previous BJP regime, the opposition has launched a detailed speech, hiding behind ground realities. By using the land sold within the Kangra Airport area or the smoke from the Palampur land scam as a match, the BJP has found fragments of opposition trapped in the jaws of Section 118. At the very least, we can expect several attacks in the session's heat.

Obviously, when the remaining sessions will be simmering to create electoral issues, the same old resentments will emerge. In such a scenario, the Tapovan campus is trying to muffle its own noise on various occasions. For what won't be said in the House or becomes increasingly difficult to hear, the outside door will be used. The irony is when will the issues of consensus for Himachal gain traction? Thousands of signatures will be collected from both sides, employment will be secured through contracts, and many leaders will be saved through government appointments, but there will be no attempt to reach a consensus between the two parties on the state's shared heritage. Even if the heated politics in the House are preoccupied, who will notice the impact of the November balm outside? Himachal, devastated by climate change, gravel and sand seized by the mafia, and plundered by land deals, will not gather evidence by blaming any one party. We've rendered thousands of educational centers useless in the name of education. In the face of rising unemployment, will our priority remain that a few politicians, using their power, will open numerous new institutions in their constituencies? For once, or at least for a day during the assembly session, both parties should come together and understand the pain that when educated children remain unemployed, neither new ministers nor new districts can save their parents.

Stubble burning can reduce coal consumption

Biofuels made from crop residues cannot replace coal, but they can help reduce coal consumption. Conversion of crop residues into biomass pellets. Co-combustion with coal in thermal power plants. Income for farmers, employment generation in rural areas. Despite widespread discussion and concern about air pollution, reports of stubble burning continue to emerge from various parts of the country. Although stubble burning is not the sole cause of air pollution, it does contribute to it. Now, crop residue burning has begun in Punjab, Haryana, Rajasthan, and Western Uttar Pradesh, as well as other parts of the country. Every year, a large amount of stubble is burned in the fields due to lack of proper management. Along with measures to prevent this, can we reduce coal dependence by using crop residues for power generation? Technical assessments suggest possibilities in this direction. Directly using crop residues in power plants is not easy. Due to their moisture content, low density, size, and other factors, handling and using them like coal is challenging. To achieve this, they are first converted into small-sized solid fuel, i.e., biomass pellets. Once the pellets are ready, they can be mixed with coal and used in thermal power plants. This process is called co-combustion. The biggest advantage of this system is that existing plants and infrastructure can be utilized for power generation. This means that new power plants do not need to be built in every situation.

According to technical assessments, a blend of up to 10 percent of conventional pellets by weight may be practical in some thermal power plants without major modifications. However, the actual proportion depends on the plant's technology, coal quality, and operating conditions. Another important technology in this direction is torrefaction. In this process, agricultural residues are heated under controlled conditions at temperatures of approximately 200 to 300 degrees. This process improves some of the properties of the biomass, increasing its thermal capacity and increasing its resistance to moisture. In one test, the calorific value of a normal sample was approximately 2,951 kcal per kg, which increased to approximately 3,593 kcal per kg after treatment at 230 degrees Celsius, and approximately 3,897 kcal per kg at 260 degrees Celsius.

Different types of straw and processing can alter results. A significant example of this technology is the 110 MW plant in Tanda, Uttar Pradesh. Clearly, there is potential to increase the share of agricultural residues in power generation by better processing them. However, each plant's machinery, fuel system, and emission control system require separate assessment. The benefits of this change will not be limited to the energy sector alone.

Since power plants will regularly require pellets made from agricultural residues, a new market for straw could emerge for farmers. Activities related to straw collection, baling, drying, pellet production, and transportation will increase in villages. This could create employment opportunities in rural areas. Farmers will also have the opportunity to earn income from stubble instead of spending on its disposal. However, the key to this system's success is a regular supply of raw materials. Thermal power plants require fuel year-round, while stubble is available only during a limited period. Therefore, a robust system for the collection, storage, and processing of agricultural residues must be established. Excessive moisture content or contamination with soil and other unsuitable materials can impact plant efficiency.

Therefore, clear standards for pellet moisture, thermal capacity, and ash content must be established. Long-term purchase agreements between power companies and pellet manufacturers are also essential to ensure that producers do not face uncertainty. Using crop residues can save some coal and help reduce stubble burning in fields. Since burning biofuels also produces ash, effective operation of pollution control equipment and emission monitoring are essential. This sector can be furthered through collaboration between power companies, agricultural institutions, and private enterprises. To ensure farmers receive a fair price for their stubble and power plants receive fuel of the required quality, a complete supply chain must be developed.

India's challenge is not only to generate more electricity, but also to make energy production more sustainable. While biofuels produced from agricultural residues may not completely replace coal, they can certainly become a practical means of reducing coal consumption and making better use of stubble. The need is to take this potential beyond the laboratory and transform it into a robust economic system between farmers and power plants.

Innovation in Building Structures

To provide better housing to the ever-growing population in metropolitan cities, the construction of tall buildings needs to be complemented with technological innovations. Green buildings reduce energy consumption by 20-30%.

Smart elevators increase building efficiency by saving energy. Green buildings are crucial to India's carbon neutrality goal. As building heights in India continue to rise, our collective responsibility towards both land and sky has become even more important. Today, discussions about urban development primarily focus on "smart" and "green" construction. This field has witnessed a major transformation over the past three decades, where sustainability is no longer a secondary topic but a core component of architectural design and building management. Rising energy costs, long-term affordability, sustainability promises, and the demand for environmentally friendly and high-efficiency buildings are some of the factors driving this change.

According to the Indian Green Building Council (IGBC), green buildings consume 20 to 30 percent less energy than conventional buildings. According to government sources, green buildings play a crucial role in meeting India's goal of reducing emissions by 45 percent by 2030 and achieving carbon neutrality by 2070. Currently, standards and certifications such as the Indian Green Building Council (IGBC), the Green Rating for Integrated Habitat Assessment, and globally, LEED (Leadership in Energy and Environmental Design) provide a framework. These evaluate buildings based on parameters such as energy consumption, water use, waste management, and indoor environmental quality.

Green buildings have long focused on visible features like solar panels and rainwater harvesting systems.

However, when working on sustainability, developers and architects are exploring new opportunities within a building's core systems. This is where elevators and escalators can play a positive role. Elevators and escalators are highly used systems in buildings that do more than just transport people from one floor to another. They are a vital part of a building's day-to-day operations, impacting energy consumption, occupant comfort, accessibility, safety, and overall efficiency.

Smart elevators can act as a building's "central nervous system," using data and connectivity to improve performance and help save energy. They can make a significant difference in creating smarter, more efficient, and more sustainable buildings. This functionality is the result of future-proof design. Furthermore, LED lighting, high-efficiency motors, and variable frequency drives (where applicable) can help better manage power consumption.

The need to think ahead: Intelligent technologies are not limited to energy-efficient features. With the help of a "destination dispatch system," elevators can group passengers traveling to adjacent floors together. This reduces unnecessary trips and improves passenger flow during peak hours, resulting in reduced waiting times and overall travel time. Connectivity is also changing the way elevators and escalators are maintained. To achieve high green building standards, developers and architects need to think beyond the conventional. "Smart vertical transportation" (such as elevators and escalators) should not be overlooked.

A smart system with advanced features can help reduce energy consumption, improve occupant experience, ensure safe operations, and ensure long-term smooth operation of the building. This brings numerous benefits to building owners: reduced energy costs, improved reliability, and increased occupant satisfaction.

For developers, it can be a powerful tool for achieving green-building certification, as it helps earn energy-efficiency credits and improve the building's overall performance. For cities, this is another step towards the evolution of urban mobility – in which vertical travel (up-down travel) plays a key role every time.

गोमय और जूट के हुनर से लखपति बनीं रतुपुरा की शालिनी: ई-कॉमर्स पर उतारे देसी उत्पाद, गांव की 550 महिलाओं को भी दिखाई स्वावलंबन की राह



डे-एनआरएलएम और नाबार्ड के सहयोग से अंशिका समूह को बनाया ग्रामीण उद्यमिता का मॉडल, सालाना डेढ़ लाख रुपये तक पहुंची आमदनी मात्र 5-6 दिवसीय दो सरस मेलों में ही कमाया 46 हजार रुपये तक का शुद्ध मुनाफा, सामान्य दिनों में भी हर माह हो रही 15 से 25 हजार की आय इको हैंडीक्राफ्ट नाम से मीशो, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर शुरू की ऑनलाइन बिक्री, अब जीएसटी पंजीकरण संग अमेजन व फ्लिपकार्ट पर दस्तक की तैयारी समूह सखी के रूप में गांव में गठित कराए 53 स्वयं सहायता समूह, 30 प्रशिक्षित महिलाओं को सिलाई व हस्तशिल्प के ऑर्डर से मिल रहा नियमित रोजगारमुरादाबाद, 21 नवंबर। ग्रामीण चौपालों और घर की दहलीज तक सीमित रहने वाला महिलाओं का हुनर जब सरकारी प्रोत्साहन और डिजिटल बाजार से जुड़ता है, तो आत्मनिर्भरता की नई मिसाल गढ़ी जाती है। ठाकुरद्वारा तहसील के रतुपुरा गांव निवासी 37 वर्षीय स्नातक (बीए) शालिनी ने दीनदयाल अंत्योदय योजना-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (डे-एनआरएलएम) के तहत %लखपति दीदी% अभियान को धरातल पर सार्थक कर दिखाया है।

जिस गोबर और जूट को कभी साधारण समझकर गांव के लोग तंज कसते थे, उसी से पर्यावरण के अनुकूल (इको-फ्रेंडली) उत्पाद तैयार कर शालिनी ने अपना सालाना टर्नओवर व मुनाफा डेढ़ लाख रुपये के पार पहुंचा दिया है। आज वे न केवल अपने उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बेच रही हैं, बल्कि समूह सखी के रूप में गांव में 53 समूह गठित कर 530 से 583 ग्रामीण महिलाओं को भी आर्थिक रूप से अपने पैरों पर खड़ा कर चुकी हैं।

एक प्रतिशत ब्याज के आसान ऋण और सरकारी फंड से खड़ा किया उद्यम

शालिनी के उद्यमी बनने की नींव वर्ष 2021 में पड़ी, जब आजीविका मिशन की आईसीआरपी टीम के मार्गदर्शन में उन्होंने 10 महिलाओं को जोड़कर अंशिका स्वयं सहायता समूह बनाया।

शुरुआत में मिले 2,500 रुपये के स्टार्टअप फंड के बाद वर्ष 2022 में समूह को 15 हजार रुपये की चक्रीय निधि (रिवॉल्विंग फंड-जो अब बढ़कर 30 हजार रुपये है) और 1.10 लाख रुपये की सामुदायिक निवेश निधि (CIF-जो अब 1.50 लाख रुपये है) प्राप्त हुई। व्यवसाय के विस्तार के लिए बैंक लिंकेज से मिली 50 हजार रुपये की कैश क्रेडिट लिमिट भी अब बढ़कर 2 लाख रुपये हो चुकी है। समूह से मात्र एक प्रतिशत मासिक ब्याज पर मिलने वाली आसान वित्तीय मदद ने उन्हें साहूकारों या बाहरी कर्ज के बिना अपना कारोबार खड़ा करने का हौसला दिया।

विकास भवन के फाइल फोल्डर से लेकर पूजा घर के समरानी कप तक में रतुपुरा की छाप-वर्ष 2022 में आजीविका मिशन व नाबार्ड की पहल पर गांव में ही आयोजित 15 दिवसीय शिविर में शालिनी समेत 30 महिलाओं ने जूट शिल्प का प्रशिक्षण लिया।

आज उनके केंद्र पर जूट के आकर्षक लंच बैग, बोतल बैग, शॉपिंग बैग और हैंडी बैग के साथ-साथ सरकारी दफ्तरों व विकास भवन की बैठकों के लिए फाइल फोल्डर तैयार किए जा रहे हैं। इसके अलावा काशीपुर से प्रशिक्षण लेकर उन्होंने गाय के गोबर (गौमय) से सुगंधित समरानी कप, गोबर के दीये, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, ओम-श्री-स्वास्तिक की शुभ आकृतियां, दीवार घड़ियां, मोमेंटो व नेमप्लेट तथा आरसेटी से प्रशिक्षण लेकर आर्टिफिशियल ज्वेलरी व अगरबत्ती का निर्माण शुरू किया।

उनके साथ 5 से 6 महिलाएं नियमित रूप से काम कर रही हैं, जबकि बड़े ऑर्डर आने पर गांव की अन्य 30 प्रशिक्षित महिलाओं को भी घर बैठे सिलाई का काम मिल जाता है।

दो सरस मेलों में ही 46 हजार की शुद्ध कमाई, अब अमेजन-फ्लिपकार्ट की बारी-शालिनी के इको-फ्रेंडली उत्पादों की मांग का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अक्तूबर व नवंबर में आयोजित 5 से 6 दिन के दो सरस मेलों में ही उन्होंने 40 से 46 हजार रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया। पहले मेले में लागत निकालकर उन्हें 15 से 16 हजार रुपये और दूसरे सरस मेले में लगभग दोगुना यानी 25 से 30 हजार रुपये की शुद्ध बचत हुई। मेलों के अलावा सामान्य दिनों में भी वे जूट उत्पादों से 8 से 15 हजार रुपये और गौमय उत्पादों से 7 से 10 हजार रुपये प्रतिमाह कमा रही हैं। स्थानीय स्तर पर समूह के नाम से बिक्री करने के साथ ही दिवाली से पहले उन्होंने %इको हैंडीक्राफ्ट% नाम से फेसबुक, इंस्टाग्राम और ई-कॉमर्स साइट %मीशो% पर कदम रखा, जहां शुरुआती दौर में ही गौमय मूर्तियों के 20 तक ऑनलाइन ऑर्डर मिले। अब विभागीय अधिकारियों के सहयोग से वे आकर्षक पैकेजिंग-ब्रांडिंग और जीएसटी पंजीकरण कराकर अमेजन व फ्लिपकार्ट पर अपने उत्पाद उतारने जा रही हैं। किसान पति का मिला साथ, तो गांव की सैकड़ों महिलाओं की बनीं मार्गदर्शक-शुरुआती दौर में जब गांव में कुछ लोगों ने गोबर के उत्पाद बनाने पर सवाल उठाए, तब किसान पति के मजबूत भरोसे ने शालिनी के कदम डगमगाने नहीं दिए। खुद सफल होने के बाद उन्होंने समूह सखी के रूप में रतुपुरा गांव की तस्वीर बदलने का बीड़ा उठाया और अब तक 53 स्वयं सहायता समूहों का गठन करा चुकी हैं। प्रत्येक समूह में जुड़ीं 10 से 11 महिलाएं आज खेती-किसानी, पशुपालन और गृह उद्योग के जरिए परिवार की आय बढ़ा रही हैं।

वर्ष 2021 में जब मैंने समूह से जुड़कर शुरुआत की थी, तब अंदाजा नहीं था कि गांव में बने उत्पाद ऑनलाइन बाजार तक पहुंचेंगे। आजीविका मिशन के फंड, दो लाख के सीसीएल और एक प्रतिशत ब्याज पर मिलने वाले ऋण ने आर्थिक अड़चनें दूर कर दीं। पति के सहयोग और सरकार के मंच से आज हमें नई पहचान मिली है। ग्रामीण महिलाएं यदि झिझक छोड़कर समूह से जुड़ें, तो वे घर बैठे आसानी से आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

– शालिनी, अध्यक्ष, अंशिका स्वयं सहायता समूह एवं समूह सखी

तिगरी गंगा मेला के लिए क्करोडवेज ने उतारा बसों का बेड़ा, कार्तिक पूर्णिमा पर पहुंचेगी श्रद्धालु की भारी भीड़



उत्तर प्रदेश रोडवेज ने कार्तिक पूर्णिमा पर तिगरी धाम गंगा स्नान मेले के लिए 200 बसें शुरू की हैं।

मुरादाबाद, पीतलनगरी, रामपुर और अमरोहा डिपो से संचालित ये बसें श्रद्धालुओं की आवाजाही सुगम बनाएंगी। कार्तिक पूर्णिमा तिगरी गंगा स्नान मेले के लिए बसें उत्तर प्रदेश रोडवेज ने 200 अतिरिक्त बसें लगाईं- श्रद्धालुओं की आवाजाही सुगम बनाने को किराया तयकार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर तिगरी धाम में आयोजित होने वाले गंगा स्नान मेले के लिए रोडवेज ने बसों का संचालन शुरू कर दिया है। रविवार सुबह से ही मुरादाबाद डिपो पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी।

श्रद्धालुओं की सुविधा और मेले तक पहुंचने के लिए मुरादाबाद रीजन की 200 बसें संचालित की गई हैं। मुरादाबाद, पीतलनगरी, रामपुर और अमरोहा डिपो से बसों की व्यवस्था की गई है।

रविवार से ही मुरादाबाद डिपो की स्पेशल बसें तिगरी धाम के लिए रवाना होने लगीं। सोमवार को तिगरी में दीपदान होने के चलते श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ने की संभावना है।

बड़ी संख्या में लोग अपने दिवंगत परिजनों की आत्मा की शांति के लिए गंगा में दीपदान करने पहुंचेंगे। ऐसे में रोडवेज ने श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए अतिरिक्त बसें लगाई हैं।तिगरी गंगा मेले को लेकर रोडवेज अलर्ट- मुख्य गंगा स्नान के अवसर पर मुरादाबाद डिपो, पीतलनगरी डिपो, रामपुर डिपो और अमरोहा डिपो की 200 बसें संचालित की जाएंगी। बसों के संचालन से श्रद्धालुओं को तिगरी धाम पहुंचने और वापस लौटने में सुविधा मिलेगी। रोडवेज की ओर से विभिन्न मार्गों से तिगरी धाम तक का किराया भी निर्धारित किया गया है। रविवार से बसों का संचालन शुरू होने के बाद श्रद्धालुओं ने रोडवेज की सेवा का लाभ लेना शुरू कर दिया है।

मुरादाबाद में 'प्रेस' लिखी कार में मिला 550 किलो नकली पनीर, JCB से कराया गया जमीन में दफन



मुरादाबाद में खाद्य सुरक्षा विभाग ने 550 किलो संदिग्ध पनीर जब्त किया। दुर्गंध और अस्वास्थ्यकर पाए जाने पर इसे नष्ट कर दिया गया, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। मुरादाबाद में 550 किलो संदिग्ध पनीर जब्त और नष्ट किया गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने अमरोहा गेट पर की बड़ी कार्रवाई। अस्वास्थ्यकर पाए जाने पर जेसीबी से जमीन में दबाया गया।दूसरे जनपदों से मुरादाबाद में मिलावटी पनीर की आपूर्ति किए जाने की सूचना पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। अमरोहा गेट पर प्रेस लिखी मारुति ईको गाड़ी में करीब 5.50 क्विंटल संदिग्ध पनीर मिला। गाड़ी पर यूपी-21 डीएन-0015 नंबर दर्ज था। हैरानी की बात यह रही कि मौके पर न चालक मिला और न ही पनीर के संबंध में कोई जिम्मेदार व्यक्ति। पनीर से अरुचिकर दुर्गंध आ रही थी और वह अस्वास्थ्यकर प्रतीत हो रहा था।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामकिशोर ने पनीर का नमूना संकलित किया। इसके बाद पूरी खेप को जेसीबी से कूड़ाघर स्थित डिकंपोजिंग प्लांट में जमीन में दबाकर नष्ट करा दिया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग को दूसरे जनपदों से मिलावटी पनीर आने की सूचना मिली थी। इसी क्रम में मुखबिर ने अमरोहा गेट पर प्रेस लिखी ईको गाड़ी खड़ी होने की जानकारी दी। इस पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी इंद्र बहादुर यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामकिशोर और राजीव कुमार की टीम मौके पर पहुंची। जांच में गाड़ी के अंदर भारी मात्रा में पनीर मिला।नमूना लेने के बाद करीब 550 किलो पनीर नष्ट करा दिया गया। सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि पनीर की गुणवत्ता संदिग्ध और अस्वास्थ्यकर प्रतीत होने के कारण उसे नष्ट कराया गया है। निर्माण और बिक्री में जिसकी भी संलिप्तता सामने आएगी, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

जननायक एक्सप्रेस में महिला और GRP सिपाही में मारपीट, यात्री के सिर में लगी चोट; दो युवक गिरफ्तार

जननायक एक्सप्रेस में सीट को लेकर हुए विवाद में जीआरपी के दो सिपाहियों के साथ मारपीट की गई, जिसमें उनकी वर्दी फट गई।जननायक एक्सप्रेस में सीट विवाद पर जीआरपी सिपाहियों से मारपीट हुई। मारपीट में सिपाहियों की वर्दी फटी, एक महिला भी घायल हुई। घटना के बाद दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।दरभंगा से अमृतसर जा रही जननायक एक्सप्रेस में सीट पर बैठने को लेकर शुरू हुआ विवाद जीआरपी के दो सिपाहियों के साथ मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि बच्चे को गोद में लिए महिला को सीट देने के लिए कहने पर दूसरी महिला ने सिपाही को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद महिला की तीन बेटियों और उनके साथ दो युवकों ने सिपाहियों को पीटना शुरू कर दिया। मारपीट में सिपाहियों की वर्दी फट गई। घटना 18 नवंबर की शाम करीब 6ः30 बजे कांठ स्टेशन के आसपास की है। दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। घटना के वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। सीट को लेकर शुरू हुई कहासुनी-राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) मुरादाबाद थाने में तैनात कांस्टेबल अजय कुमार और ललित सागर की ड्यूटी मुरादाबाद से सहारनपुर तक जननायक एक्सप्रेस (15211) में थी। अनारक्षित कोच में सीट को लेकर दो महिलाओं के बीच कहासुनी हो गई। इनमें एक का नाम रूबी था। मूलरूप से बिहार के बेतिया की रहने वाली रूबी अपनी तीन बेटियों के साथ ट्रेन से लुधियाना जा रही थी। इसी कोच में एक महिला छोटे बच्चे को गोद में लेकर खड़ी थी। उसने सीट पर लेटी रूबी से बैठने के लिए जगह मांगी, इस पर दोनों में गाली-गलौज हो गई। मारपीट में महिला घायल-सिपाही अजय कुमार और ललित सागर ने सीट पर लेटी महिला से जगह देने के लिए कहा। इसके बाद विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। मारपीट में महिला घायल हो गई। उसके माथे पर खून बहने लगा। ट्रेन के नजीबाबाद पहुंचने पर पुलिस ने दोनों युवकों को उतार लिया। उनकी पहचान बिहार के दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना क्षेत्र के साहू गांव निवासी चंदन ठाकुर और समस्तीपुर जिले के अंगारघाट थाना क्षेत्र के पिक्कू कुमार के रूप में हुई। दोनों अमृतसर की ओर जा रहे थे। ललित सागर की तहरीर पर नजीबाबाद जीआरपी थाने में दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। बच्चे को गोद में लेकर खड़ी महिला को सीट पर लेटी दूसरी महिला बैठने नहीं दे रही थी। इसी बात को लेकर विवाद हुआ था। ट्रेन में एस्कार्ट कर रहे सिपाहियों ने सीट देने के लिए कहा तो महिला ने एक सिपाही को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद मारपीट हुई। मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। घटना की सभी पहलुओं से विवेचना कराई जा रही है। -आशुतोष शुक्ल, एसपी रेल।

कार्तिक मेले के लिए रेलवे ने किए विशेष इंतजाम, गढ़मुक्तेश्वर समेत इन चार स्टेशनों पर 25 नवंबर तक रुकेंगी कई ट्रेनें

रेलवे ने कार्तिक मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षित आवागमन के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। गढ़मुक्तेश्वर सहित चार स्टेशनों पर ट्रेनों को अस्थायी ठहराव।मुरादाबाद-गाजियाबाद व हरिद्वार-दिल्ली शाहदरा के बीच मेला स्पेशल ट्रेनें। यात्रियों की सुविधा हेतु अतिरिक्त स्टाफ, टिकट काउंटर, मेडिकल बूथ।कार्तिक मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षित आवागमन के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। मुरादाबाद मंडल के गढ़मुक्तेश्वर, कंकाठेर, राजघाट नरौरा और बालावाली स्टेशनों पर कई ट्रेनों को अस्थायी ठहराव दिया गया है। इसके अलावा मुरादाबाद-गाजियाबाद और हरिद्वार-दिल्ली शाहदरा के बीच मेला स्पेशल अनारक्षित ट्रेनें चलाई जाएंगी।मंडल रेल प्रबंधक विनिता श्रीवास्तव के निर्देशन में की गई व्यवस्थाओं के तहत हरिद्वार, योगनगरी ऋषिकेश और ऋषिकेश समेत सात प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट चेकिंग और टिकट बुकिंग स्टाफ के साथ रेलवे सुरक्षा बल के जवान तैनात किए गए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त आरक्षित व अनारक्षित टिकट काउंटर, एटीवीएम, हेल्प डेस्क और मेडिकल सहायता बूथ भी बनाए गए हैं।बालावाली स्टेशन पर 23 से 25 नवंबर तक तीन जोड़ी ट्रेनों को ठहराव मिलेगा-गढ़मुक्तेश्वर और कंकाठेर स्टेशनों पर 22 से 25 नवंबर तक ट्रेनों को अस्थायी ठहराव दिया गया है। राजघाट नरौरा स्टेशन पर 24 नवंबर को ट्रेन संख्या 14313 और 25 नवंबर को 14320 रुकेगी। वहीं, बालावाली स्टेशन पर 23 से 25 नवंबर तक तीन जोड़ी ट्रेनों को ठहराव मिलेगा।मुरादाबाद से गाजियाबाद के लिए ट्रेन संख्या 04301 और वापसी में 04302 का संचालन 24 नवंबर को होगा।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

हैकर्स की चालों को मात देने के गुर सीखे : महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा कार्यशाला का आगाज़

@ क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली। (ब्यूरो) । बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव और डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय की आईक्यूएसी कमेटी और जीनियस साइबर सिक्योरिटी काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन जीनियस साइबर सिक्योरिटी काउंसिल के निदेशक विशाल गौड़, सीईओ उदित नारायण गौड़, शिक्षा समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल (फनसिटी), महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल व प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया।लाइव डेमो से समझाई साइबर सुरक्षा की बारीकियां- मुख्य वक्ता विशाल गौड़ ने छात्रों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखते हुए लाइव प्रदर्शन (डेमो) के ज़रिए साइबर हमलों की वास्तविक चुनौतियों से रूबरू कराया। उन्होंने डिजिटल फुटप्रिंटिंग, नेटवर्क सिक्योरिटी, सोशल इंजीनियरिंग और ओ एसआईएनटी जैसी तकनीकों के बारे में विस्तार से समझाया। जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार- कार्यक्रम में महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल ने कहा कि हैकिंग आज एक राष्ट्रीय समस्या बन चुकी है, जिसका सबसे बड़ा समाधान जागरूकता और सतर्कता है। वहीं, प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल ने कहा कि साइबर सुरक्षा अब केवल एक तकनीकी विषय नहीं, बल्कि हर नागरिक की बुनियादी जरूरत है।कार्यक्रम का संचालन समन्वयक डॉ. सुमित अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर सह-समन्वयक डॉ. नीतू शर्मा, डॉ. के. के. मेहरोत्रा, डॉ. पूजा ध्रुव , अभिषेक मिश्रा और अजीत सिंह सहित समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

टीटी में चितकारा यूनिवर्सिटी का दबदबा, तीनों मुकाबले जीतकर बनी चैंपियन

@ क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली। (ब्यूरो) । नॉर्थ जोन की टेबल टेनिस चैंपियनशिप में चितकारा यूनिवर्सिटी पंजाब ने अपना दबदबा कायम करते हुए खिताब जीत लिया। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय में आयोजित एआईयू नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी टेबल टेनिस पुरुष टीम चैंपियनशिप का समापन फाइनल मुकाबलों के साथ हुआ। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली की टीम उपविजेता रही। विश्वविद्यालय की ओर से जारी पॉइंट टेबल के अनुसार, चितकारा यूनिवर्सिटी ने अपने तीनों मुकाबलों में जीत दर्ज कर पहला स्थान हासिल किया। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली दो जीत और एक हार के साथ दूसरे स्थान पर रही। यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली ने एक जीत और दो हार के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा की टीम अपने तीनों मुकाबले हारकर चौथे स्थान पर रही।विजेता चितकारा यूनिवर्सिटी की टीम में देवांश मुगदल, सुधांशु मैनी, ओइशिक घोष, पायस जैन और आकाश के. ने शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह में कुलपति प्रो. अनिल कुमार राय ने विजेता टीमों को बधाई दी। इस दौरान सचिव डॉ. संदीप , खेल समिति के सचिव प्रो. एसएस बेदी और एआईयू ऑब्जर्वर डॉ. कुलदीप ने भी संबोधित किया। मंच संचालन डॉ. इरम नईम ने किया।

संविधान दिवस पर लखनऊ महारैली के लिए भीम आर्मी ने भरी हुंकार, शहर में निकाला पैदल मार्च

@ क्यूँ न लिखूँ सच





बरेली। (ब्यूरो) । 26 नवंबर को संविधान दिवस पर लखनऊ में प्रस्तावित बहुजन स्वराज संकल्प महारैली को सफल बनाने के लिए भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी ने ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में रविवार को भीम आर्मी ने शहर में प्रेसवार्ता कर पैदल मार्च निकाला, जिसके बाद कार्यकर्ताओं का काफिला लखनऊ रवाना हो गया।
दामोदर पार्क से शुरू हुआ मार्च चौकी चौराहा, अयूब खां चौराहा, बरेली कॉलेज और श्यामगंज होते हुए सेटेलाइट बस अड्डे पर संपन्न हुआ। इस दौरान जगह-जगह कार्यकर्ताओं पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।
यह व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई- विकास बाबू
प्रेसवार्ता में भीम आर्मी के प्रदेश महासचिव विकास बाबू एडवोकेट ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन मोर्चा का गठन वंचित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है। यह केवल सत्ता नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई है। उन्होंने जाति जनगणना, आरक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन और युवाओं को रोजगार देने की मांग उठाते हुए कहा कि बहुजन समाज अब वोट बैंक नहीं रहेगा, बल्कि सत्ता में निर्णायक भूमिका निभाएगा।?कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुशील कुमार गौतम, जिला अध्यक्ष दुर्वेश अली अंसारी, मंडल महासचिव आकाश सागर, महानगर अध्यक्ष शिवम भारती, मीडिया प्रभारी सुरजीत गौतम, पहलवान सिंह यादव, जावेद अख्तर, कमलेश पटेल सहित सभी तहसील अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

पूर्व कुलपति समेत चार पर एफआईआर, किसान ने 12 एकड़ जमीन के विवाद में दी थी जान

@ क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली। (ब्यूरो) । बहेड़ी में 12 एकड़ जमीन के विवाद में किसान सरदार भगवान सिंह की आत्महत्या का मामला लगातार तूल पकड़ चुका है। किसान की मौत के बाद परिवार ने अब तक उनका अंतिम संस्कार नहीं किया गया।इस मामले में परिवार ने बरेली के रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, वर्तमान में गोरखपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति, उनकी पत्नी और साले के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी।मृतक सरदार सतनाम सिंह के बेटे की तहरीर पर कुलपति के पी सिंह, उनकी पत्नी संजेश और साले संजीव और अनुज के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। परिवार का आरोप है कि जमीन के विवाद में भगवान सिंह को लगातार परेशान किया जा रहा था। उन्हें धमकियां दी जा रही थीं। इसी से परेशान होकर उन्होंने आत्महत्या कर ली। मामला बहेड़ी थाना क्षेत्र के पचपेड़ा गांव का है। यहां रहने वाले किसान भगवान सिंह ने शुक्रवार को जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी थी। उनकी मौत के बाद परिवार को एक सुसाइड नोट भी मिला। मृतक किसान सरदार भगवान सिंह ने सुसाइड नोट में इन सभी को आरोपी बताया था।
परिजनों का आरोप था कि सुसाइड नोट में उन्होंने जमीन विवाद और उत्पीड़न से जुड़ी बातें लिखी हैं। इसमें एक पुलिस के अफसर समेत कुछ अन्य लोगों के नाम और मोबाइल नंबर भी दर्ज होने की बात कही गई है. परिवार की ओर से दी गई तहरीर में रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, उनकी पत्नी और साले को नामजद करते हुए कार्रवाई की मांग की गई है।
परिवार का आरोप है कि 12 एकड़ जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। जमीन खाली कराने के लिए भगवान सिंह पर दबाव बनाया जा रहा था। इसी विवाद और कथित धमकियों के चलते वह मानसिक रूप से परेशान थे।

कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने वोटर लिस्ट में पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के दिए निर्देश

मढ़िनाथ मंडल के विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

@ क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली। (ब्यूरो) भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे दो दिवसीय विशेष पुनरीक्षण अभियान-2027 के अंतिम दिन रविवार को कैंट विधानसभा विधायक एवं सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने मढ़िनाथ मंडल के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ को वोटर लिस्ट में पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के निर्देष दिए। कैंट विधानसभा विधायक एवं सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने रामानुज दयाल सरस्वती शिशु मंदिर, मदर प्रयागो स्कूल, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिठौरा, प्राथमिक विद्यालय सिठौरा और प्राथमिक विद्यालय बेनीपुर चैधरी स्थित मतदान केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने वहां कार्यरत बीएलओ से फॉर्म-6 जमा होने और नए नाम जुड़ने की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली।
उन्होंने विशेष रूप से एसआईआर में छूटे हुए पात्र मतदाताओं, अन्य स्थानों से स्थानांतरित होकर आए नागरिकों, साथ ही आगामी एक जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। अभियान का जायजा लेते हुए उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों, पार्टी कार्यकर्ताओं से पूरी सक्रियता, समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान अरुण कश्यप, दरबारी लाल, गोपाल चानना, अशोक ठाकुर, सुधीर भटनागर डब्बल, हरीश वाल्मीकि, चन्द्रपाल आर्या, जेपीएस पाल, सत्यम सक्सेना गोलू, अमन सक्सेना समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

48 घंटे में एक हजार घरों की बिजली गुल, बकायेदारों पर शिकंजा

@ क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली। (ब्यूरो) बरेली। बिजली का बिल बकाया है तो अब लापरवाही भारी पड़ सकती है। बिजली निगम ने बकायेदार उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। शहर में चलाए जा रहे अभियान के तहत महज 48 घंटे में करीब एक हजार उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए गए। निगम की टीमें बकाया बिल की जांच कर रही हैं और भुगतान नहीं मिलने पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई कर रही हैं।
बकाया वसूली के लिए बिजली निगम ने अलग-अलग टीमें सक्रिय की हैं। सामान्य मीटर वाले उपभोक्ताओं के यहां कर्मचारी पहुंचकर बिल भुगतान की स्थिति जांच रहे हैं। बकाया मिलने पर उपभोक्ता को भुगतान के लिए कहा जा रहा है। इसके बाद भी बिल जमा नहीं होने पर मौके पर ही बिजली कनेक्शन काट दिया जा रहा है।वहीं, स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को भी राहत नहीं मिल रही है। बकाया भुगतान नहीं होने पर स्मार्ट मीटर के जरिये बिजली आपूर्ति स्वत: बंद हो रही है। इस तरह सामान्य और स्मार्ट मीटर, दोनों श्रेणियों के बकायेदार निगम की कार्रवाई के दायरे में हैं।
निगम का अभियान केवल कनेक्शन काटने तक सीमित नहीं है। अधिकारियों का जोर बकाया बिल की वसूली पर भी है। इसके लिए उपभोक्ताओं से समय पर बिल जमा करने की अपील की जा रही है। टीमों को बकायेदारों की पहचान कर कार्रवाई करने की जिम्मेदारी दी गई है। दो दिन में करीब एक हजार कनेक्शन कटने से साफ है कि निगम ने बकाया वसूली के लिए अभियान तेज कर दिया है।

घनी आबादी में लगाए जा रहे मोबाइल टावर लगाने के खिलाफ मोहल्ले के लोग कर रहे है विरोध प्रदर्शन

@ क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली।शशांक गुप्ता (मोनू गुप्ता) फतेहगंज पश्चिमी। कस्बे के मोहल्ला माली में घनी आबादी के बीच लगाए जा रहे मोबाइल टावर स्थानीय लोगों ने रविवार को विरोध करते हुए काम रुकवा दिया।स्थानीय लोगों ने पूर्ण रूप से निर्माण पर विराम लगाने की मांग की है। कस्बा के मोहल्ला माली की घनी आबादी के बीच एयरटेल कंपनी का मोबाइल टावर का निर्माण किया जा रहा है।रविवार को टाबर लगने का विरोध प्रदर्शन कर रहे मोहल्ले निवासी भगवान दास,ओमप्रकाश,राजवीर, प्रेमवती,राजवाल,सर्वेश, हीराकाली,श्यामकाली,धीरू चुन्नी लाल,चांदनी, नेमवती आदि ने बताया घनी आबादी के बीच एयरटेल कंपनी का मोबाइल टावर बनने से लोगों में जान लेवा बीमारिया होंगी।असमय लोगो की मौत होगी। मोहल्ले वासियों ने किसी भी कीमत पर टावर नहीं लगने देने का दावा किया है।उन्होंने उपजिलाधिकारी मीरगंज से शिकायत की उनके कोर्ट में केश फ़ाइल किया है।बताया संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी से शनिवार को शिकायत करके टावर नहीं बनने का आग्रह किया था।इसके बांद निर्माणाधीन एजेंसी ने रविवार को टावर का निर्माण शुरू कर दिया।विरोध कर रहे महिला पुरुष ने निर्माण बंद करा दिया है।उनका आरोप है जिम्मेदार उनकी मदद नहीं कर रहे है।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

इज्जतनगर पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर तस्कर, 6.79 ग्राम स्मैक बरामद



